
# डकैत केशव गुर्जर के दो भाईयों को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद किया गिरफ्तार

## तीन राज्यों के लिए सिरदर्द बना डकैत केशव गुर्जर गैंग का एक सप्ताह में सफाया

**धौलपुर,** (निसं)। राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश पुलिस के लिए आतंक का बड़ा पर्याय बना 1 लाख 15 हजार रुपए का इनामी दस्यु केशव गुर्जर और उसकी गैंग का धौलपुर एसपी धर्मेंद्र सिंह के अथक प्रयासों से 1 सप्ताह में ही लगभग सफाया हो गया है।

जानकारी के अनुसार 3 राज्यों के लिए सिरदर्द बने डकैत केशव गुर्जर गैंग के लिए धौलपुर एसपी और उनकी पूरी पुलिस फोर्स को डांग तथा बीहड़ इलाके में दिन रात पसीना बहाया। लेकिन शनिवार को डकैत केशव गुर्जर के दो ईनामी भाइयों को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लेने के बाद अब गैंग का सफाया हो गया है। हालांकि अभी भी डकैत केशव गुर्जर का एक भाई और बाहर है। लेकिन वह साधु है और जुर्म की दुनिया से उसका कोई खास ताल्लुक नहीं है।

धौलपुर एसपी धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि शनिवार को सुबह धौलपुर जिले के सोने का गुर्जा थाना इलाके में डांग में पीली कछार के पास पुलिस और डकैतों के बीच मुठभेड़ हो गयी। जिसमें पुलिस ने डकैत केशव गुर्जर के दो भाई 25 हजार रुपए के इनामी बदमाश शीशराम पुत्र माधो सिंह गुर्जर निवासी सायपुर थाना बसईडांग जिला धौलपुर और 5 हजार रुपए के इनामी बदमाश छोटू उर्फ गब्बर गुर्जर को गिरफ्तार कर लिया।



**धौलपुर में डकैत केशव गुर्जर के दो भाईयों को पुलिस ने दबोचा।**

# कबाड़ी के गोदाम में लगी आग से 20 लाख रुपये का नुकसान

## प्लास्टिक स्क्रैप जल कर राख, पीड़ित ने रंजिशवश लगानी बताई आग

**मांडलगढ़,** (निस)। मांडलगढ़ कस्बे के जापरपुरा में कृषि मंडी के पास शुक्रवार देर रात कबाडी के गोदाम में भीषण आग लग गई। मांडलगढ मुख्यालय पर दमकल वाहन नहीं होने से तत्काल आग पर काबू नहीं पाया जा सका। भीषण आग की लपटों में आने से गोदाम में रखा 20 लाख रुपए का प्लास्टिक का कबाड जल कर खाक हो गया। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुँच कर भीलवाडा और बेगू से दमकल बुलाकर आग को काबू में किया वरना गोदाम के आसपास कच्ची बस्ती भीषण आग की चपेट में आ जाती।

कबाड़ गोदाम के संचालक जाकिर हुसैन मंसुरी ने बताया कि शुक्रवार रात 11-12 बजे के बीच गोदाम में आग लगने की सूचना मिली ओर आग की घटना में 20 लाख रुपए का नुकसान होने की आशंका है। हालांकि शनिवार तक आग से हुए नुकसान का आंकलन जारी रहा। मंसुरी ने बताया कि रंजिशवश किसी अज्ञात व्यक्ति ने गोदाम में आग लगाई हैं। पुलिस को सूचना दे दी गई हैं। मांडलगढ़ थाना पुलिस आग की घटना की जाँच कर रही है।

मांडलगढ़ निवासी कबाडी जाकिर हुसैन मंसुरी के स्क्रैप गोदाम में अज्ञात कारणों से रात के अंधेरे में प्लास्टिक स्क्रैप में आग की लपटें उठने लगी। गोदाम के निकट एक श्रमिक को जानकारी लगने पर गोदाम मालिक और पुलिस को सूचना दी। भीषण आग की लपटों को देख गोदाम के आसपास के घरों में सो रहे लोग बाहर निकल आए। भीषण आग की लपटों को देख मौक़े पर अफरा-तफरी मच गई। प्लास्टिक के कबाड में आग की लपटें विकराल होने से एक किलोमीटर तक दिखाई देने लगी। गनीमत रही की कोई जनहानि नहीं हुई। सूचना पर मांडलगढ थाना प्रभारी मनोज जाट मौक़े पर पहुंचे और आग पर काबू पाने के लिए भीलवाडा और बेगू के नितिन स्पिनर्स से फायर ब्रिगेड के वाहन बुलाए। मांडलगढ नगर पालिका की दमकल भी मौके पर बुलाई लेकिन नगर पालिका की महज 500 लीटर क्षमता की छोटी दमकल होने से भीषण आग की लपटों पर असरकारक साबित नहीं हुई।

भीलवाड़ा और नितिन स्पिनर्स की दमकलों ने आग की लपटों पर 4 घण्टे की मशक्कत कर काबू पाया। आग बुझाने में मांडलगढ थाने के पुलिसकर्मियों ने भी कड़ी मशक्कत की। आग बुझने पर थोडी देर बाद फिर लपटें उठने लगी। इस बीच मांडलगढ़ थाने के सीआई ने स्थानीय कस्बे से पानी के टैंकर मंगवा आग पर पूर्णतया काबू पाया।

नगरवासियों ने बताया कि मांडलगढ़ और बिजौलियां उपखण्ड में आए दिन आगजनी की घटनाएं सामने आती हैं। नगरपालिका के पास मात्र 500 लीटर पानी की क्षमता वाली फायर ब्रिगेड है। जिससे आग की घटना होने पर भीलवाडा से दमकल मंगवानी पड़ती है। भीलवाडा से मांडलगढ और बिजौलियां तक दमकल वाहन पहुंचने में 2 से 3 घण्टे लग जाते है। तब तक आग विकराल रूप ले लेती है ओर भारी नुकसान होता हैं।



**मांडलगढ़ में कृषि मंडी के पास कबाड़ी के गोदाम में भीषण आग लग गई।**

# दिव्यांग शिक्षिका ने फांसी लगाई

■ **मानसिक रूप से अस्वस्थ चल रही थी शिक्षिका**

**जोधपुर,** (कासं)। शहर के माणकलाव स्थित सुचेता कृपलानी विद्यालय की एक दिव्यांग शिक्षिका ने अपने कमरे फंदा लगाकर जान दे दी। घर वालों को पता लगने पर उसे फंदे से उतार कर अस्पताल ले जाया गया। मगर बाद में उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। वह मानसिक रूप से अस्वस्थ चल रही थी और इलाज भी चल रहा था। पुलिस ने मृतका के भाई की रिपोर्ट पर मर्ग दर्ज किया है। करवड़ थानाधिकारी बुधाराम ने बताया कि पाली जिले के रोहिट थानान्तर्गत दिवांदी के रहने वाले गोविंद सिंह ने रिपोर्ट दी है। इसमें उसने बताया कि उसकी बहन 32 साल की नीतूकंवर पत्नी लक्ष्मणसिंह यहां माणकलाव स्थित सुचेता कृपलानी विद्यालय में बतौर दिव्यांग शिक्षिका कार्यरत थी। उसके दो बच्चे बच्चियां भी है। वह मानसिक रूप से अस्वस्थ चल रही थी। विद्यालय के हॉस्टल में ही परिवार सहित रहती थी। उसने अपने कमरे में फंदा लगा लिया। थानाधिकारी बुधाराम ने बताया कि उसके फंदे पर लटकने की जानकारी परिवार को लगने पर अस्पताल ले जाया गया। मगर डॉक्टर ने उसे मृत बता दिया। इस बारे में उसके भाई गोविंदसिंह की तरफ से मर्ग की रिपोर्ट दी गई है।

## हिमाचल के एमएलए पेशी पर पहुंचे

**उदयपुर,** (कासं)। घरेलू हिंसा मामले में हिमाचल प्रदेश के एमएलए विक्रमादित्य शनिवार को पेशी के लिए उदयपुर कोर्ट पहुंचे। मामले की अगली सुनवाई 18 मार्च को होगी। गौरतलब है कि विक्रमादित्य हिमाचल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह के बेटे और शिमला ग्रामीण से कांग्रेस के विधायक है। जिनके खिलाफ उनकी पत्नी सुदर्शन चुंडावत ने घरेलू हिंसा का केस दर्ज कराया है। इस मामले में शनिवार को उदयपुर कोर्ट में विक्रमादित्य सिंह पेश हुए। जहां अगली पेशी 18 मार्च की दी गई है। जानकारी के अनुसार विक्रमादित्य की पत्नी सुदर्शन चुंडावत ने उदयपुर की अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अदालत में यह मामला गत 17 अक्टूबर को दर्ज कराया है।

# हॉस्पिटल केयर टेकर परीक्षा 10 को

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा हॉस्पिटल केयर टेकर परीक्षा 2022 (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाऐं विभाग) का आयोजन 10 फरवरी 2023 को अजमेर जिला मुख्यालय पर किया जाएगा।

आयोग सचिव एचएल अटल ने बताया कि परीक्षा के प्रवेश-पत्र परीक्षा तिथि से तीन दिवस पूर्व आयोग वेबसाइट एवं एसएसओ पोर्टल पर अपलोड किए जाएंगे। अभ्यर्थी इस अनुसार समयान्तर्गत प्रवेश-पत्र डाउनलोड कर लेवें। प्रवेश-पत्र आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध एडमिट कार्ड लिंक के माध्यम से आवेदन-पत्र क्रमांक व जन्म दिनांक प्रविष्ठ कर डाउनलोड किए जा सकेंगे। इसके अतिरिक्त एसएसओ पोर्टल पर लॉगिन कर सिटीजन ऐप्स में उपलब्ध रिक्रूटमेंट पोर्टल लिंक से भी प्रवेश-पत्रों को डाउनलोड किया जा सकेगा।

आयोग सचिव एचएल अटल ने बताया कि अभ्यर्थी प्रवेश पत्र के साथ जारी आवश्यक अनुदेशकों का अवलोकन अवश्य कर लेवें। उन्होनें कहा कि आयोग द्वारा जारी निर्देशानुसार परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने के नियत समय से 60 मिनट पूर्व तक ही प्रवेश दिया जाएगा। इसके बाद किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जा सकेगा।

## फर्नीचर की दुकान में आग लगी

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। सैनिक नगर स्थित नेशनल फर्नीचर की दुकान में आज प्रातः किन्ही कारणों से आग लगने से लाखों का नुकसान हो गया। पड़ोसियों के द्वारा आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग की लपटें इतनी भयानक थी कि दुकान में रखे तैयार फर्नीचर जलकर राख हो गया।

उक्त जानकारी देते हुए नेशनल फर्नीचर के मालिक ताहिर खां ने बताया कि प्रातः 6 बजे के करीब पडौसियों ने फोन कर सूचित किया कि तुम्हारी दुकान में धुआं का गुबार व आग की लपटें दिखाई दे रही है। शटर खोली तो भीषण आग लगी हुई थी। जिससे तैयार फर्नीचर करीबन 8 से 10 लाख का जलकर राख हो गया है। सूचना मिलने पर सदर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची।

# शिक्षक के देरी से आने पर ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया

**बीकानेर,** (कासं)। जिले के सत्तासर में स्थित सरकारी स्कूल में टीचर्स के विलम्ब से आने पर ग्रामीणों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। स्कूल के बाहर ताला लगा दिया। लेटलतीफ टीचर्स पर कार्रवाई का आश्वासन मिलने के बाद ही स्कूल को फिर से खोला गया। स्कूल में पांच सौ स्टूडेंट्स पर महज आठ टीचर पढ़ा रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले लम्बे समय से सत्तासर के इस स्कूल में टीचर्स दो-दो घंटा विलम्ब से आ रहे हैं। कुछ टीचर्स नहीं आ रहे। ऐसे में स्कूल में पढ़ाई नहीं हो रही। एग्जाम नजदीक आ रहे हैं लेकिन अब तक कोर्स पूरा नहीं हुआ।

ग्रामीणों ने कई बार स्कूल प्रशासन को इस बारे में सूचना दी लेकिन टीचर्स फिर भी समय पर नहीं आ रहे हैं। ऐसे में शनिवार को स्कूल पर ताला लगा दिया। सरकारी स्कूलों में टीचर्स के रिक्त पदों की स्थिति यहां भी बनी हुई है। सत्तासर के सीनियर सैकण्डरी स्कूल में चौबीस पद रिक्त है, जिसमें आठ ही टीचर काम कर रहे हैं। 16 पद खाली पड़े हैं। पांच सौ से ज्यादा बच्चों के लिए महज आठ टीचर ही पढ़ा रहे हैं। ऐसे में अधिकांश पीरियड खाली ही रहते हैं। बताया जा रहा है कि पिछले दिनों ट्रांसफर के बाद ये पद रिक्त हो गए। केबिनेट मंत्री गोविन्दराम मेघवाल खाजूवाला सहित अनेक क्षेत्रों से टीचर्स के ट्रांसफर का विरोध किया था।



**नवलगढ़ में राजस्थान कला, संस्कृति एवं पर्यटन विभाग, जिला प्रशासन व मोरारका फाउंडेशन के तत्वावधान में कस्बे के सूर्यमंडल मैदान में चल रहे 26वें शेखावाटी उत्सव में शनिवार को हुई ग्रामीण खेल प्रतियोगिताओं में रोचक मुकाबले हुए। इस मौके पर हुई सतौलिया, महिलाओं की मटका दौड़, ग्रामीण व शहरी महिलाओं की रस्साकसी, गुब्बारा फोड़, म्यूजिकल चेयर, रंगोली आदि प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने उत्साह से हिस्सा लिया। वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्कूली छात्राओं ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दी। इस मौके पर उन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार भी प्रदान किए। मटका दौड़ में पुजारी की ढाणी की सरिता प्रथम, पुजारी की ढाणी की सुमित्रा द्वितीय व बाय की बीना तृतीय स्थान पर रही। दूसरे राउण्ड में सुमन प्रथम, बिरोल की भारती व मंजू द्वितीय तथा नवलगढ़ की गायत्री तृतीय रही।**

## युवक ने फांसी लगाई

**जोधपुर,** (कासं)। शहर के मंडोर स्थित मायली मंडावता में एक मकान में किराए पर रहने वाले युवक ने फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। वह सुथारी का कार्य करता था। पुलिस ने मृतक के भाई की रिपोर्ट पर मर्ग दर्ज किया और कार्रवाई के उपरांत शव परिजन को सुपुर्द कर दिया। मंडोर पुलिस थाने के एएसआई नवीन कुमार ने बताया कि मूलतः नागौर जिले के खींवसर थानान्तर्गत खुडाला के रहने वाले नारायणराम जाट ने मर्ग की रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि उसका भाई 23 साल का जेठाराम यहां मायली मंडावता में किराए पर रहता था। वह लकड़ी का कार्य करता था। उसने अपने कमरें फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने बताया कि जिस कमरे में फंदा लगाया गया वहां लोहे के दरवाजे लगे थे। दरवाजा अंदर से बंद होने पर बाद में लोहे की खिड़की की जाली को काट कर अंदर घुस गया। तब वह फंदे पर लटका नजर आया।

# दो कुख्यात अपराधी गिरफ्तार, अपहृत युवक को छुड़ाया

**उदयपुर,** (कासं)। उदयपुर से एक युवक का अपहरण कर घूम रहे बदमाशों और पुलिस की मुठभेड़ के बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया। बदमाशों और पुलिस के मध्य हुई फायरिंग के बीच पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर दीपक मेनारिया व किशन मेनारिया को दबोच लिया। दोनों बदमाशों को पकड़ने के साथ ही पुलिस ने इन बदमाशों द्वारा उदयपुर के सुखेर से अपहृत किए गए किशन रेबारी नाम के शख्स को भी छुड़ा लिया है वहीं तीन रिवाल्वर भी बरामद की है ।

घटना की जानकारी देते हुए एसपी विकास शर्मा ने मीडिया को बताया कि इन बदमाशों ने किसी जमीन के मामले में किशन रेबारी नाम के शख्स का अपहरण किया था और उससे किसी ज़मीं को अपने नाम कराने के लिए डराते-धमकाते हुए इधर-उधर घूम रहे थे। पुलिस को सुचना मिली थी कि ये बदमाश उदयपुर व राजसमंद जिले के बीच कार में घूमते फिर रहे है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को शाम के समय ये बदमाश गोमती चौराहे से उदयपुर की ओर आ रहे थे। इस दौरान इन पर नजर रख रही उदयपुर की डीएसटी टीम इनके पीछे लगी हुई थी।

पुलिस को जानकारी मिली थी कि दीपक मेनारिया और किशन मेनारिया एक होटल पर पहुंचने वाले है, इस जानकारी के बाद पुलिस ने अपने कुछ जवानों को इस होटल पर नज़र रखने के लिए भेज दिया इसका आभास इन बदमाश को हुआ तो इन्होंने वहां से भागने की कोशिस करते हुए गाडी घुमाली और इसी दौरान पुलिस की दूसरी टीम इन बदमाशों के पीछे लग गयी, इसी दौरान केलवा पुलिस ने केलवा ब्रिज के दुसरे कोने पर क्रेन लगाकर नाकाबंदी भी की हुई थी। बदमाश पुलिस की नाकाबंदी देख ब्रिज के ऊपर से ही गलत दिशा में कार घुमाकर भागने लगे तो पीछे से आ रही उदयपुर डीएसटी की टीम ने इन्हें रोकने के लिए खुद की कार से बदमाशों की कार में टक्कर मार दी।

एसपी शर्मा ने बताया कि पुलिस से हुई मुठभेड़ और फायरिंग के दौरान बदमाशों की कार डिवाइडर से टकरा गई। बदमाशों ने क्षतिग्रस्त कार में से ही पुलिस पर फायरिंग की तो जवाब में पुलिस ने एक राउंड फायर किया और इसके बाद आरोपियों को धर दबोचा। उदयपुर में इन अपराधियों के खिलाफ पुलिस ने जिन धाराओं में मुकदमे दर्ज किये हैं उनके बारे में एसपी ने जानकारी दी।

## ए.एस.आई. के खाते से नगदी पार

**जोधपुर,** (कासं)। सीमा सुरक्षा बल एसटीसी विभाग के एएसआई के क्रेडिट खाते से अज्ञात शख्स ने 29 हजार से ज्यादा की रकम निकाल ली। यह रकम दो बार में निकाली गई। जबकि उन्होंने ना तो किसी को ओटीपी नंबर दिए और ना ही कोई जानकारी अन्य को दी गई। मंडोर थाने में अब धोखाधड़ी का केस दर्ज करवाया गया है। मंडोर पुलिस ने बताया कि मूलतः भीलवाड़ा के जहाजपुर स्थित भवानीपुरा हाल बीएसएफ एसटीसी में एएसआई के पद पर कार्यरत फूलचंद मीना पुत्र भूरालाल की तरफ से धोखाधड़ी में रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि उनका एक बैंक एकाउंट एसबीआई में आया है। जिससे एक क्रेडिट कार्ड जारी हो रखा है। किसी शातिर ने उनके क्रेडिट कार्ड एकाउंट का मिस यूज करते हुए दो बार में खाते से 29 हजार 128 रूपए निकाल लिए। जबकि उन्होंने इस बारे में किसी को कोई जानकारी उपलब्ध नहीं करवाई थी।

# 610 कार्टून अवैध शराब सहित दो आरोपी गिरफ्तार

■ **भारत पट्रोलियम लिखे टैंकर में पंजाब से गुजरात ले जाई जा रही थी शराब**

■ **शराब तस्करी के गिरोह में शामिल अन्य आरोपियों के संबन्ध में पूछताछ जारी है**

**सादुलपुर,** (निसं)। पुलिस ने टैंकर में परिवहन की जा रही पंजाब निर्मित अवैध अंग्रेजी शराब की विभिन्न मार्का के कुल 610 कार्टून मय टैंकर के जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस महानिरीक्षक रैंज बीकानेर द्वारा अवैध शराब तस्करी की रोकथाम हेतु दिये गये दिशा निर्देशों की पालना में पुलिस अधीक्षक चूरू दिगंत आनन्द के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजगढ अशोक बुटोलिया, वृताधिकारी इसार अली व थानाधिकारी पुलिस थाना राजगढ सुभाष चन्द्र पु.नि., के निकटतम सुपरविजन व सूचना पर शनिवार को थाने के देबी सहाय उनि मय जाब्ता के गश्त के दौरान आरोपी बाबुलाल पुत्र तिलोकाराम निवासी बिसारणिया थाना धनाऊ जिला बाडमेर व रेवन्त कुमार पुत्र बाबुलाल जाट निवासी सुथारों की ढाणी (बाछडाऊ) थाना धोरीमन्ना जिला बाडमेर द्वारा टैंकर में परिवहन की जा रही पंजाब निर्मित अवैध अंग्रेजी शराब की विभिन्न मार्का के कुल 610 कार्टून मय टैंकर के जब्त कर आरोपियों को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर सुभाष चन्द्र पुनि द्वारा अनुसंधान प्रारंभ किया गया।

अनुसंधान अधिकारी सुभाष चन्द्र ने बताया कि प्रथत दृष्टया पूछताछ में आरोपीगण बाबूलाल तथा रेवन्त कुमार द्वारा उक्त शराब भारत पट्रोलियम लिखे टेंकर में लुधियाना पंजाब से गुजरात ले जाई जा रही थी। आरोपियों से शराब तस्करी के गिरोह में शामिल अन्य आरोपियों के संबन्ध में पूछताछ जारी है। कार्यवाही में राजगढ थाने के कांस्टेबल मुकेश कुमार, कुलदीप, पवन कुमार, सुरेश कुमार, संदीप कुमार व साईबर सैल चूरू के कांस्टेबल धर्मवीर की अहम भूमिका रही।

## नाबालिग के अपहरण की कोशिश

**भीलवाड़ा,** (निसं)। शहर के प्रताप नगर थाना क्षेत्र में एक 12 साल की नाबालिग बच्ची के ना सिर्फ अपहरण का प्रयास किया गया बल्कि उसकी गर्भवती मां व बचाव में आये पिता के साथ भी मारपीट की गई है। इसे लेकर पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक को शिकायत की तो थाने में केस दर्ज कर जांच शुरू की गई है। पुलिस के अनुसार 25 साल की एक महिला ने पुलिस अधीक्षक को दी शिकायत में बताया कि एक फरवरी को शाम चार-पांच बजे वह अपनी 12 साल की नाबालिग बेटी के साथ घर के बाहर बैठी थी। इस दौरान विजय दरोगा, राजेन्द्र दरोगा, भंवर दरोगा, कमला व एक अन्य व्यक्ति वहां आये और गाली गलोच कर नाबालिग पुत्री की चोटी पकड़ कर उसे निचे गिरा दिया और विजय दरोगा व अन्य व्यक्तियो ने नाबालिग को अपहरण कर ले जाने व उसे बैचने की धमकी देते हुये नाबालिग का अपहरण करने का प्रयास किया। बेटी को बचाने का उसकी मां ने प्रयास किया तो आरोपितों ने उसे भी पीट दिया। नाबालिग की मां 9 माह से गर्भवती है। यह जानते हुये भी आरोपितों ने गर्भ गिराने के आशय से उसके साथ लातों से मारपीट की। हल्ला सुनकर आये पति से भी मारपीट की गई। मोहल्ले वालों के आने पर आरोपित भाग गये।

# गुरु जम्भेश्वर जी की पर्यावरणीय शिक्षाओं का वैश्विक स्तर पर प्रचारः डॉ. अब्दुल्ला

## भरतपुर में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण सम्मेलन आयोजित

**भरतपुर,** (निसं)। अखिल भारतीय विश्नोई महासभा मुकाम और जाम्भाणी साहित्य अकादमी बीकानेर के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री और जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. फारुख अब्दुल्ला ने कहा कि पर्यावरण चेतना और युक्ति- मुक्ति की संदेश वाहिनी गुरु जाम्भोजी की सबदवाणी और जाम्भाणी संत कवियों की वाणी जहां भी जाती है पर्यावरण संरक्षण की अलख जगाती है। अगर विश्व का पर्यावरण बचाना है तो यह वाणी विश्व के कोने कोने में फैलनी चाहिए।

डॉ. फारुख अब्दुल्ला ने कहा कि विश्नोई समाज का पांच सौ सालों का इतिहास बताता है कि इस प्रकृति पोषक समाज ने पर्यावरण को बचाने के लिए अपना सर्वस्व दांव पर लगा दिया है। इस समाज के संतों ने केवल उपदेश ही नहीं दिया बल्कि क्रियान्वयन करने का आदेश भी दिया और वे आमजन के साथ मिलकर इस महान आंदोलन के सहभागी भी बने। आज विश्व को इस समाज से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्व सांसद और विश्नोई महासभा के संरक्षक विश्नोई रत्न चौधरी कुलदीप विश्नोई ने कहा कि मुझे गर्व की मैं ऐसे गौरवशाली इतिहास वाले समाज की सर्वोच्च संस्था के संरक्षक रूप में सेवा कर रहा हूँ। कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि पंजाब सरकार के पूर्व मंत्री राणा गुरमीत सिंह सोढ़ी, पूर्व केंद्रीय मंत्री संजय सिंह, विधायक सलिल विश्नोई, फिल्म स्टार विवेक ओबराय, पूर्व विधायक रेणुका विश्नोई ने संबोधित किया। अखिल भारतीय विश्नोई महासभा के अध्यक्ष देवेंद्र बुडिया ने सभी का स्वागत किया। जाम्भाणी साहित्य अकादमी की अध्यक्षा डॉ. इंद्रा विश्नोई ने कहा कि गुरु जम्भेश्वर जी की पर्यावरणीय शिक्षाओं का वैश्विक स्तर पर प्रचार प्रसार करना है ।

सम्मेलन के संयोजक रमेश बाबल ने सभी का स्वागत करते हुए सम्मेलन की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। गौम्बूक की मैनेजिंग डायरेक्टर टांटिया अन्टोल्ली ने खेजड़ी वृक्ष के पर्यावरणीय महत्त्व पर प्रकाश डाला व बिश्नोई समाज के पर्यावरणीय प्रेम को प्रेरणादायक बताया। इस दो दिन तक चलने वाले सम्मेलन में विभिन्न देशों के 600 प्रतिभागी भाग ले रहे है। दो दिनों में आठ सत्रों में 60 से अधिक पर्यावरणविद् पर्यावरण से जुडे विभिन्न मुद्दों पर अपने शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे।



**भरतपुर में दो दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय पर्यावरण सम्मेलन का आयोजन हुआ।**